पत्र संख्या– 586 /

E-Mail
FAX

झारखण्ड सरकार
पंचायती राज विभाग
द्वितीय तल,एफ0एफ0पी0 भवन, धुर्वा,राँची–834004
e-mail:- panchayat-jhr@nic.in, panchayat.jhr@gmail.com

प्रेषक,

निशा उराँव, भा0रा0से0,
निदेशक,
पंचायत राज निदेशालय,
झारखण्ड, राँची।

सेवा में,

सभी उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, झारखण्ड।

राँची, दिनांक :– 1.3.24

विषय :– डिजिटल पंचायत परियोजना अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में प्रतिनियुक्त CSC-VLE के सहयोग से ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यों का निष्पादन करने के संबंध में।

प्रसंगः– विभागीय पत्रांक 2937 दिनांक 28.11.2023, पत्रांक 3176 दिनांक 22.12.2023, पत्रांक 152 दिनांक 19.01.2024 एवं पत्रांक 74 दिनांक 10.01.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक एवं प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि डिजिटल पंचायत परियोजना अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में CSC-VLE की प्रतिनियुक्ति की गई है। उक्त प्रतिनियुक्त CSC-VLE द्वारा ई–ग्राम स्वराज, मनरेगा, PDI, जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण, विश्वकर्मा योजना, GeM तथा अन्य कार्यों से संबंधित डाटा प्रविष्टि के कार्य में ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव एवं मुखिया को सहयोग करते हुए इन योजनाओं से संबंधित डाटा की प्रविष्टि का कार्य सम्पन्न किया जाना है। किन्तु पंचायत सचिव एवं मुखिया द्वारा CSC-VLE को लॉगइन आई0डी0 एवं पासवर्ड साझा नहीं कराये जाने के कारण इन योजनाओं से संबंधित डाटा प्रविष्टि में अपेक्षित सहयोग नहीं हो पा रहा है।

अतः उपरोक्त के आलोक में अनुरोध है कि ग्राम पंचायतों में प्रतिनियुक्त CSC-VLE को पंचायत सचिव एवं मुखिया द्वारा अपनी उपस्थिति में लॉगइन आई0डी0 एवं पासवर्ड साझा करते हुए CSC-VLE से उपरोक्त योजनाओं से संबंधित डाटा प्रविष्टि कार्य संपादित कराने हेतु अपने जिलान्तर्गत कार्यरत प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को इस संबंध में अपने स्तर से निदेशित करने की कृपा की जाय ताकि CSC-VLEs द्वारा ग्राम पंचायतों के मुखिया एवं पंचायत सचिव को इन योजनाओं से संबंधित डाटा प्रविष्टि करने में सहयोग प्रदान किया जा सके।

विश्वासभाजन

निशा उराँव 29/02/24
निदेशक,
पंचायत राज निदेशालय,
झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांक :– 586 /, राँची, दिनांक :– 1.3.24

प्रतिलिपिः– सभी उपायुक्त, झारखण्ड/सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी, झारखण्ड/सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निशा उराँव
निदेशक,
पंचायत राज निदेशालय,
झारखण्ड, राँची।

E: Anil Office work 2022 Kumar Ashish:Letter